अनीता चौधरी हत्या मामले में मृतका की सहेली को भी पकड़ा

जोधपुर, (कासं) । जोधपुर में ब्यूटीशियन के मर्डर के 8 दिन बाद भी उसके शव का अंतिम संस्कार नहीं हुआ। परिवार एक करोड़ रुपए का मुआवजा और सरकारी नौकरी की मांग और सीबीआई जांच की मांग को लेकर धरने पर बैठा है। वहीं, हत्याकांड का मुख्य आरोपी गुलामुद्दीन भी अब तक पुलिस की गिरफ्त से बाहर है।

लोगों की जुबां पर पुलिस द्वारा की जा रही कार्रवाई को लेकर सवाल उठ रहे है। भगत की कोठी स्थित वीर तेजा मंदिर परिसर पर जाट समाज के लोगों का धरना प्रदर्शन आठ दिन से जारी है। शव का पोस्टमार्टम करवाए जाने को लेकर गतिरोध अब तक बना हुआ है। कई जाट नेताओं ने धरना स्थल पर पहुंच कर परिवार को संवेदना व्यक्त किए जाने के साथ राज्य सरकार तक मांगों को लेकर बात पहुंचाई है, मगर आज दोपहर तक इस पर कोई हल नहीं निकला है। अभी तक हत्या के नामजद आरोपी की गिरफ्तारी नहीं होने से पुलिस पर भी सवालिया निशान उठ रहे है। हत्याकांड से जुड़े होने की आशंका में पुलिस कई लोगों से पूछताछ कर चुकी है, मगर किसी प्रकार के नतीजे पर नहीं पहुंच पा रही है। मृतका अनिता चौधरी की सहेली सुमन को भी पुलिस ने शांतिभंग में गिरफ्तार किया है। पूर्व में पकड़ी गई आरोपी की पत्नी आबेदा और सुमन का आज एमजीएच में मेडिकल कराया गया है। ऑडियो वायरल के बाद सुमन से पुलिस ने पूछताछ आरंभ की है। फिलहाल उसके जुर्म में शामिल होने के आसार कम ही नजर आ रहे है। पुलिस हत्याकांड से जुड़े होने की आशंका में पंद्रह लोगों को शांति भंग में पकड़ा है। बुधवार को पुलिस ने सुमन सहित नौ अन्य लोगों को शांतिभंग में पकड़ा है।

सरदारपुरा थाने के एसआई विश्राम मीणा के अनुसार पहले पांच लोगों को पकड़ा गया था। कल 9 और लोगों को संदेह के आधार पर पूछताछ के लिए लाया गया और उन्हें शांतिभंग में गिरफ्तार किया गया। सुमन से एसआई रीना कुमार द्वारा पूछताछ चल रही है।

यह भी बताया जाता है कि यदि शीघ्र मांगों पर सहमति नहीं बनी तो समाज की तरफ से बड़ा आंदोलन किए जाने के साथ जोधपुर बंद का भी आहवान किया जा सकता है।

सुमन उर्फ सुनीता सैन पत्नी मोहन सैन कृष्ण लीला नगर बोरानाडा, मोहमम्द यासीन अली निवासी बागर चौक बतासागर, जेफू खान निवासी राबडिया झंवर हाल गंगाणा पुलिस चौकी के पास बोरानाडा, मोहम्मद शरीफ उर्फ मुन्ना निवासी निवार घरों का मोहल्ला बकरामण्डी खाण्डाफलसा हाल बरकतुला खान कॉलोनी आखलिया चौराहा, कलीमुद्दीन उर्फ कलिम निवासी निवार घरों का मोहल्ला बकरामण्डी खाण्डाफलसा हाल 235 बरकतुला खान कॉलोनी आखलिया चौराहा, मोहम्मद हमीमुद्दीन निवासी बकरामण्डी निवार घरों का मोहल्ला खाण्डाफलसा, मकबुल अहमद निवासी बकरा मण्डी निवार घरों का मोहल्ला हाल 14/964 चौपासनी हाउसिंग बोर्ड, मोईनुदीन निवासी बागर चौक गोल चौकी के पीछे फतेह सागर, मोहम्माद मोअज्जरम फारूखी निवासी बकरा मण्डी निवास घरों का मोहल्ला खाण्डाफलसा और युनुस निवासी बकरा मण्डी निवार घरों का मोहल्ला खाण्डाफलसा को शांतिभंग में लाया गया है।

वहीं शहर पुलिस ब्यूटी पार्लर चलाने वाली अनिता चौधरी की हत्याकांड के मुख्य आरोपी गुलामुद्दीन की सरगर्मी से तलाश कर रही है। उसके प्रदेश से बाहर भागने की आशंका भी जताई जाती है। अलग अलग राज्यों में पुलिस की टीमें उसकी तलाश में जुटी है। उसके महाराष्ट्र की तरफ भागने का भी संदेह जताया गया है।

कोडिटा टीम विजेता बनी

भीनमाल, (निसं)। शिवराज स्टेडियम में तीन दिवसीय 14 वीं राव जागीरदार समाज क्रिकेट प्रतियोगिता का समापन समारोह हुआ। 4 से 6 नवंबर तक जागीरदार राव समाज की 16 टीमों ने हिस्सा लिया। मुख्य अतिथि गोकुल होटल के भंवरसिंह, दशरथसिंह ईरानी, भवसिंह ईरानी, मालमसिंह भवानी, जितेंद्रसिंह भोजानी, चंदनसिंह कोडिटा रहे। फाइनल में कोडिटा ने कारौली को 7 विकेट से हराया। आयोजक कमेटी के संयोजक विक्रमसिंह ईरानी ने बताया कि तृतीय सुरत ब्रदर्स रही। मैन ऑफ द सीरीज कोडीटा के विपुल मोरवाडा, बैट्समैन सूरत के महावीरसिंह मनधर, बेस्ट बॉलर सांचौर के नरेन्द्रसिंह, बेस्ट फिल्डर कोडिटा के किस्मत रहे। कमेंट्री संचालन बसंतसिंह भीनमाल, विक्रमसिंह मनधर, हर्षवर्धनसिंह कोडीटा ने किया।

चुनाव लड़ने के लिए सक्रिय सदस्यता जरूरी : बोहरा

जोधपुर, (कासं) । भाजपा जोधपुर देहात दक्षिण की संगठन पर्व कार्यशाला श्याम प्रसाद मुखर्जी पार्क सभागार मे जिलाध्यक्ष जगराम बिश्नोई की अध्यक्षता में संपन्न हुई।

प्राप्त जानकरी के अनुसार बैठक में बतौर मुख्य वक्ता जयपुर के पूर्व सांसद रामचरण बोहरा उपस्थित रहे। पूर्व सांसद रामचरण बोहरा ने आगामी दिनों में होने वाले चुनाव को लेकर कार्य योजना बनाने की रूपरेखा बताई। उन्होंने कहा कि बूथ संरचना, शक्ति केंद्र संरचना, मंडल संरचना सुबह व्यवस्थित होने चाहिए। चुनाव लडऩे की अपेक्षा रखने वाले कार्यकर्ता को सक्रिय सदस्यता लेनी आवश्यक होगी। बैठक में पाली लोकसभा सांसद पीपी चौधरी, पूर्व राज्यसभा सांसद रामनारायण डूडी, पूर्व प्रदेश उपाध्यक्ष प्रसन्नचंद मेहता, संगठन पर्व के सहप्रभारी व पूर्व जिला अध्यक्ष भोपालसिंह बडला, जोधपुर देहात दक्षिण जिला प्रभारी श्रवनराम बंजारा, भाजपा जोधपुर देहात दक्षिण सदस्यता अभियान संयोजक त्रिभुवनसिंह भाटी, प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य रामस्वरूप गोधा, भाजपा जिला महामंत्री डॉ. सोहन चौधरी, भाजपा ओबीसी मोर्चा प्रदेश उपाध्यक्ष सहीराम बिश्नोई, भाजपा किसान मोर्चा जोधपुर देहात दक्षिण जिला अध्यक्ष ओमप्रकाश बिश्नोई, जिला प्रवक्ता एवं अध्यक्ष नगर पालिका कुड़ी भगतासनी, भाजपा ओबीसी मोर्चा जिला महामंत्री विजेंद्र शर्मा, भाजपा जिला मंत्री वीरेंद्र गोदारा, भाजपा जिला उपाध्यक्ष रावतराम बिंजारिया, भाजपा जिला उपाध्यक्ष शिवचरण घायल, भाजपा जिला उपाध्यक्ष श्रवण चौधरी, भाजपा जिला उपाध्यक्ष भींयाराम पटेल, लूणी मंडल अध्यक्ष पोलाराम सुथार, झवर मंडल अध्यक्ष श्रवण पटेल, केंरु मंडल अध्यक्ष गोविंदराम टाक, भाजपा जिला मंत्री सुमेरसिंह राजपुरोहित, वरिष्ठ भाजपा नेता धर्माराम प्रजापति, भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चा अध्यक्ष अयूब पठान, भाजपा युवा मोर्चा जोधपुर देहात अध्यक्ष अरविंद बरा, भाजपा जिला मंत्री रमेश जानी आदि उपस्थित रहे।

यातायात महिला कांस्टेबल को गिराने के बाद घसीटा

जोधपुर, (कासं) । शहर के पावटा बी रोड पर बुधवार की सुबह यातायात पुलिस में लगी महिला कांस्टेबल ने एक टैंपो चालक को रूकने का इशारा किया। चालक ने जब गाड़ी नहीं रोकी तो उसे रोकने का प्रयास किया गया। चालक ने गाड़ी को भगा दिया ।

महिला कांस्टेबल नीचे गिर गई, फिर भी टैंपो चालक कुछ दूर तक उसे घसीट ले गया। जिससे वे जख्मी हो गई। महिला कांस्टेबल की तरफ से महामंदिर थाने में राजकार्य में बाधा उत्पन्न किए जाने का केस दर्ज करवाया गया। पुलिस ने त्वरित कार्रवाई कर टैंपो चालक को गिरफ्तार कर गाड़ी को जब्त कर दिया।

थानाधिकारी शिवलाल मीणा ने बताया कि बुधवार की सुबह यातायात पुलिस कर्मियों की ड्यूटी पावटा बी रोड पर थी। वह एक महिला कांस्टेबल, हैडकांस्टेबल और होमगार्ड कर्मी तैनात थे। इस बीच एक टैंपो का चालक वहां पहुंचा और जाने लगा, तब उसे महिला कांस्टेबल द्वारा रूकने का इशारा किया गया, मगर उसका चालक टैंपो को भगाने लगा। इस पर महिला कांस्टेबल ने उसे रोकने के लिए टैंपो को पकड़ा। चालक ने लापरवाही बरती और महिला कांस्टेबल को नीचे गिरा दिया और गाड़ी को भगा ले गया। महिला कांस्टेबल कुछ जख्मी हो गई। जिस पर महामंदिर थाने में राजकार्य में बाधा डालने का केस दर्ज किया गया। थानाधिकारी शिवलाल ने बताया कि आरोपी टैंपो के चालक प्रतापनगर हुडको क्वार्टर निवासी दीपक पुत्र महेंद्र आचार्य को गिरफ्तार कर टैंपो का जब्त कर लिया।

नहर में गिरने से युवक की मौत

जोधपुर, (कासं) । जोधपुर के निकटवर्ती मथानिया स्थित राजीव गांधी लिफ्ट नहर में गिरने से एक युवक की मौत हो गई। मृतक के भाई की तरफ से मथानिया थाने में मर्ग की रिपोर्ट दी गई।

मथानिया पुलिस ने बताया कि ओसियां थानान्तगर्त मालियों की ढाणी घेवड़ा निवासी प्रेमाराम पुत्र धन्नाराम माली ने मर्ग में रिपोर्ट दी।

इसमें पुलिस को बताया कि राजीव गांधी लिफ्ट कैनाल बिजारिया बावडी क्षेत्र में उसका भाई अमृतराम गया था। जहां पानी पीते संभवत: पैर फिसलने से उसका भाई गिर गया और डूबने से उसकी मौत हो गई।

पत्नी की हत्या का आरोपी पति मोबाइल घर पर छोड़ भागा

जोधपुर, (कासं) । शहर के रातानाडा स्थित वाल्मिकी बस्ती में रहने वाले एक व्यक्ति ने अपनी पत्नी की हत्या कर दी थी। हत्या के 24 घंटे गुजरने के बाद भी आरोपी पति का सुराग हाथ नहीं लगा है। पुलिस की टीमें उसकी तलाश में जुटी है। आरोपी अपना मोबाइल घर पर छोडक़र भागा है जिससे पुलिस को अब उसकी लोकेशन ट्रेस नहीं हो पा रही है।प्रथम दृष्टया हत्या की आरंभिक वजह आपसी विवाद होना सामने आया है।

रातानाडा थानाधिकारी प्रदीप डांगा ने बताया कि रातानाडा वाल्मिकी बस्ती पंजाब नेशनल बैंक के सामने रहने वाले अजय बारासा उर्फ बबलू ने अपनी पत्नी 36 साल पूजा की सिर पर वारकर हत्या कर दी थी। अजय नगर निगम में काम करता है और उसकी पत्नी से अक्सर छोटी मोटी बातों को लेकर विवाद होता था। वारदात के समय अजय के बेटे अपनी मौसी के घर गए हुए थे।

बुधवार की सुबह घर पहुंचे तब को पूजा को पलंग के पास फर्श पर निढाल पाया। उसका शरीर बिस्तर पर लिटाया हुआ था। साथ ही शव को कंबल से ढक कर रखा गया था। जब कंबल हटा कर देखा तो सिर से खून बह रहा था।

बच्चों ने जब पिता अजय को घर में ढूंढा तो वही कहीं मौजूद नजर नहीं आया। बच्चों ने पड़ौस में ही रहने वाले लोगों को सूचना दी।

पूजा के सिर से बहते रक्त से यह आशंका जताई जाती है हत्या रात के समय या तडक़े की हुई है। उसका शव पलंग के पास फर्श पर पड़ा था। बिस्तर वहां पड़े थे। सिर पर चोट का निशान देखा गया है। हत्या किस चीज से हुई है यह खुलासा पोस्टमार्टम रिपोर्ट से हो सकेगा। अभी पोस्टमार्टम रिपोर्ट नहीं मिली है।

थानाधिकारी प्रदीप डांगा ने बताया कि मृतका की बहन डांगियावास के दांतीवाड़ा हाल पांच बत्ती स्थित सांसी कॉलोनी निवासी ज्योति ने रिपोर्ट दी। इसमें बताया कि वह अपने भांजे-भांजी को मंगलवार अपने साथ लेकर गई थी। रात को वह उसके यहां पर ही रूके। रात को उसकी बहन-बहनोई घर पर अकेले ही थे। मृतका पूजा ने अपनी बहन को कहा था कि कपड़े धोने के लिए सुबह घर आना। सुबह मृतका का बच्चा और उसका भांजा रातानाडा स्थित घर आए। जहां पर वह मृत मिली।

स्काउट गाइड का स्टिकर जारी

पाली, (नि.सं.)। भारत स्काउट गाइड राष्ट्रीय मुख्य नई दिल्ली द्वारा भारत स्काउट गाइड के स्थापना दिवस 07 नवंबर के उपलक्ष में आज स्काउट गाइड स्थापना दिवस मनाया गया।

भारत स्काउट गाइड स्थापना दिवस के अवसर पर राष्ट्रीय मुख्यालय द्वारा जारी स्टिकर का विमोचन अतिरिक्त जिला कलेक्टर डॉ बजरंग सिंह एवं पुलिस अधीक्षक चुनाराम जाट द्वारा किया गया। इस अवसर पर इसका स्काउटर गाइडर एवं रोवर रेंजर द्वारा जिला कलेक्टर कार्यालय के विभिन्न अनुभाग एवं पुलिस अधीक्षक कार्यालय में जाकर स्टिकर लगाकर झंडा बिक्री अभियान प्रारंभ किया गया।

सी ओ गाइड डिंपल दवे ने बताया कि राज्य स्तरीय समारोह में स्टेट चीफ कमिश्नर निरंजन आर्य के नेतृत्व में राज्यपाल एवं संरक्षक राजस्थान राज्य भारत स्काउट गाइड दद्वारा स्टिकर विमोचन करवाया गया।

युवक ने फंदा लगाकर दी जान

जोधपुर, (कासं) । शहर के मंडोर पुलिस थाना क्षेत्र एक युवक ने फंदा लगाकर खुदकुशी कर ली। आत्महत्या का कारण पता नहीं चला है। इस बारे में मृतक के भाई की तरफ से पुलिस में मर्ग दर्ज कराया गया है।

मंडोर पुलिस ने बताया कि मध्यप्रपदेश हाल 9 मील मंडोर क्षेत्र में रहने वाले धर्मेन्द्र पुत्र रामचन्द्र ने बताया कि उसके छोटे भाई टीकू फैक्ट्री परिसर में ही फंदा लगाकर खुदकुशी कर ली। ईंट फैक्ट्री में काम करता था। पुलिस ने शव को कार्रवाई के बाद परिजन के सुपुर्द किया।

यू.एस.डी.टी. डॉलर का अवैध कारोबार पकड़ा, चार गिरफ्तार

जोधपुर, (कासं) । शहर में ऑन लाइन बिजनैस कर लोगों से लाखों करोड़ों की ठगी करने वाले एक गिरोह को पुलिस ने पकड़ा है।

पुलिस ने रात को एक फ्लैट पर रेड देकर वहां से चार युवकों को गिरफ्तार किया।

फ्लैट से लेपटॉप, मोबाइल, 50 एटीएम कार्ड के साथ क्रेडिट - डेबिट कार्ड इत्यादि जब्त किए गए है। फ्लैट के बाहर खड़ी एक थार जीप को भी जब्त कर लाया गया है।

मिली जानकारी के अनुसार रात को महामंदिर पुलिस ने मुखबिरी सूचना पर मान का हत्था क्षेत्र में एक निजी फ्लैट पर मय दलबल के रेड दी।

पुलिस को देखकर युवक भागने लगे। तब पुलिस ने मौके से चार लोगों को पकड़ा। युवकों द्वारा यूएसडीटी डॉलर का अवैध रूप से कारोबार किया जा रहा था।

यह लोग ऑनलाइन लोगों से लाखों की धोखाधड़ी करते पाए गए। पुलिस ने वहां से 50 एटीएम कार्ड, क्रेडिट - डेबिट कार्ड भी जब्त किए है। थार जीप को बरामद कर थाने लाया गया। पुलिस आरोपियों से पूछताछ में जुटी है। बड़े रैकेट का पता लगने की संभावना बनी है। बाद में पुलिस मामले में पूर्ण खुलासा कर पाएगी।

बसेटा समाज का सामूहिक विवाह समारोह 12 को

जोधपुर, (कासं) । बसेटा विकास सेवा समिति जोधपुर के तत्वावधान में बसेटा समाज का 16वां सामूहिक विवाह समारोह 12 नवंबर को गांधी मैदान में आयोजित होगा।

समिति के सचिव व संस्थापक ओमप्रकाश बामणिया ने बताया कि सामूहिक विवाह समारोह में 15 जोड़े परिणय सूत्र में बंधेंगे। यह जोड़े जोधपुर सहित राजस्थान के विभिन्न जिलों व गुजरात व महाराष्ट्र राज्य से हैं। ग्यारह नवंबर को शाम 4 बजे कलश शोभायात्रा से समारोह प्रारंभ होगा। इसी दिन गणेश स्थापना, ध्वजारोहण कार्यक्रम होंगे। आयोजन के लिए विभिन्न कार्य समितियों का गठन कर कार्यकर्ताओं को जिम्मेदारियां सौंपी गई।

कलैक्टर ने दांतलावास में लोगों की समस्याएं जानी

जालोर, (कासं)। राज्य सरकार के निर्देशानुसार आमजन की समस्याओं, परिवेदनाओं के निवारण, सुनवाई एवं त्वरित समाधान के लिए त्रिस्तरीय जनसुनवाई व्यवस्था के तहत गुरूवार को जिले के समस्त ग्राम पंचायत मुख्यालयों पर पंचायत स्तरीय जनसुनवाई का आयोजन किया गया। जिनमें आमजन की परिवेदनाएँ प्राप्त कर प्रकरणों का निस्तारण किया गया।

जिला कलक्टर डॉ. प्रदीप के. गावंडे ने दांतलावास ग्राम पंचायत मुख्यालय पर आयोजित पंचायत स्तरीय जनसुनवाई के दौरान आमजन की समस्याओं को सुनकर उनके निस्तारण के लिए संबंधित ब्लॉक स्तरीय अधिकारियों को निर्देश दिए। उन्होंने अधिकारियों को केन्द्र व राज्य सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ आमजन तक पहुँचाने के साथ ही जनता की समस्याओं पर प्रभावी मॉनिटरिंग करते हुए परिवादों के मौके पर ही निस्तारण के निर्देश दिए। जनसुनवाई के दौरान पेयजल, विद्युत, स्वास्थ्य, सफाई सहित विभिन्न विभागों से संबंधित 11 परिवाद प्रस्तुत हुए जिनकी सुनवाई करते हुए जिला कलक्टर डॉ. प्रदीप के. गावंडे ने 4 परिवादों का मौके पर ही निस्तारण किया तथा शेष प्रकरण राजस्थान संपर्क पोर्टल पर दर्ज कर निस्तारण करने के निर्देश दिए। जनसुनवाई में विभिन्न विभागों के अधिकारियों-कर्मचारियों द्वारा अपने-अपने विभाग से संबंधित केन्द्र व राज्य सरकार की फ्लैगशिप योजनाओं के बारे में जानकारी दी गई।

इस अवसर पर अतिरिक्त जिला कलैक्टर भीनमाल दौलतराम चौधरी, जसवन्तपुरा उपखण्ड अधिकारी रामलाल मीणा, तहसीलदार नीरज कुमारी, विकास अधिकारी आवड़दान, सरपंच मोहन कंवर, स्थानीय जनप्रतिनिधि, विभागीय अधिकारी-कर्मचारी सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित रहे।

अडानी सोलर ने पेड़ काटे, ग्रामीणों में रोष पनपा

जैसलमेर, (नि.सं.)। जिले के बईया गांव में बुधवार को एक निजी सोलर पावर कंपनी अडानी सोलर पावर द्वारा अपने सोलर पावर प्रोजेक्ट के लिए शुरू किये कार्य के दौरान बवाल मच गया। सैकड़ों की संख्या में ग्रामीणों ने कम्पनी द्वारा काटे जा रहे पेड़ों की कटाई का विरोध करते हुए इस पावर प्रोजेक्ट के निर्माण का कार्य रुकवा दिया। जिसको लेकर पुलिस ने 14 लोगों को हिरासत में लिया।

इस मामले में शिव विधायक रविंद्रसिंह भाटी बुधवार रात झिनझिनयाली थाने पहुंचे और पुलिस की कार्यप्रणाली का विरोध जताया। शिव विधायक का कहना है कि पुलिस ग्रामीणों की आवाज को दबा रही है और कंपनी के लिए काम कर रही है इसलिए वो अपनी गिरफ्तारी देने आए है। शिव विधायक समेत सैकड़ों लोगों द्वारा धरना देने पर पुलिस ने 14 ग्रामीणों को छोड़ा।

शिव विधायक भाटी ने बताया कि सरकार राइजिंग राजस्थान के लिए इन्वेस्टमेंट लेकर आ रही है। मैं इसके खिलाफ नहीं हूं मगर हमारे यहां के ओरण-गोचर की ज़मीनों को किसी भी कीमत पर सोलर और विंड कंपनियों के हवाले नहीं करेंगे। कंपनियों को सब सोच समझ कर और स्थानीय मुद्दों को देखते हुए ही काम करना होगा। अन्यथा उनको काम नहीं करने दिया जाएगा।

भाटी ने बताया कि ग्रामीण और मैं खुद चाहते हैं कि कंपनियां आए, इंडस्ट्रीज आए मगर इस क्षेत्र का पूरा ख्याल रखे। सोलर और विंड के नाम पर जो ओरण-गोचर पर अतिक्रमण हो रहा है उसको बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। इन सभी कंपनियों को प्रोपर प्लानिंग और मैनेजमेंट से काम करना होगा। इस इलाके की वनस्पति, पेड़ पौधे और पशु पक्षियों का भी ख्याल करना होगा।

भाटी ने कहा कि सरकार इसको लेकर समय रहते संवेदनशील होकर कदम उठायेगी नहीं तो हम लड़ने वाले लोग हैं, भगतसिंह को फॉलो करते हैं और सरकारों से लड़ेंगे। सरकारें बहरी होगी तो भगतसिंह की तरह धमाका करके सुनाएंगे।

ज्ञात रहे कि जैसलमेर जिले के झिनझिनयाली थाना इलाके के बईया गांव के पास अडानी सोलर कंपनी ने अपना काम शुरू किया। हालांकि फिलहाल कंपनी द्वारा निजी खातेदारी की भूमि में कार्य शुरू किया गया है। लेकिन ग्रामीणों का ये विरोध है कि इस भूमि के पास करीब 25 हजार बीघा सरकारी भूमि के अलॉटमेंट के लिये कम्पनी ने आवेदन किया है, वो एक देवी माता के मंदिर की ओरण गोचर भूमि है, जिसे फिलहाल ओरण का दर्जा नहीं मिला है।

कार्यस्थल पर भारी विरोध के चलते झिनझिनयाली पुलिस थाना अधिकारी सुरजाराम मौके पर पहुंचे और 3 दर्जन से ज्यादा ग्रामीणों को डिटेन कर थाने लाया गया। पुलिस के अनुसार उसमे से 14 ग्रामीणों को शांतिभंग की धाराओं में गिरफ्तार किया गया, जिन्हें बाद में छोड़ दिया गया।

छठ महापर्व शुरू

पाली, (नि.सं.)। बिहार संस्कृति मंच की ओर से हर वर्ष की तरह इस बार भी छठ महापर्व लखोटिया के महा छठ घाट पर आयोजित किया गया। बिहार समाज के महिला व पुरुष ने मां छठ का व्रत किया तो बिहार संस्कृति की आभा झलकने लगी। शाम 4:00 बजे से ही तालाब के घाट पर डाला सजाकर पहुंच गए और तालाब के पानी में खड़े होकर सूर्य देव अस्त होने तक खड़े रहे। सूर्यास्त पर अर्क देकर महा छठ पूजा का आगाज किया।

सायंकालीन अर्ध्य के बाद सुन्दर काण्ड और रात्रि जागरण किया महाछठ घाट पर शायं कालीन ओर सुबह के अर्ध्य के समय लगभग 5000 लोग पहुंचे। सुबह अर्ध्य के बाद छठ व्रतियों के लिए महाछठ पूजा समिति के तरफ से दूध, शिकंजी, चाय, पानी आदि की उप्लवधता किया गया है।

आज सफाई में साथ देने बाले सदस्यों में बिहार संस्कृति सेवा समिति के अध्यक्ष श्री अनिल सिंह, सचिव श्री ऐ. के.घोष, पूजा समिति के सचिव श्री एम.के .प्रभाकर, विकाश कुमार, माधव जी, राहुल जी, पवन कुमार, मदन तिवारी जी, अमित कुमार जी, राजीव कुमार सिंह आदि मौजूद थे।

राजपुरोहित बास्केटबॉल संघ अध्यक्ष बने

जालोर, (कासं)। जालोर जिला बॉस्केटबॉल एसोसिएशन की वार्षिक साधारण आम सभा का आयोजन माजीसा रिसोर्ट बिशनगढ में जिला ओलंपिक संघ के अध्यक्ष प्रकाश बिश्नोई की अध्यक्षता में आयोजित हुई।

इस अवसर पर कोजाराम विष्णोई जसवंत सिंह उदावत गुमानसिंह परमार मुनिराज सिंह ओमप्रकाश परमार शैलेश लोधी विकास जावा. राहुल परमार मंगल सिंह बालोत हितेश सोलंकी भावेश परमार सहित कई खेल प्रेमी मौजूद थे।

बास्केटबॉल संघ की चार साल की अवधि के लिए कार्यकारिणी का विस्तार करते हुए चुनाव प्रक्रिया का चुनाव अधिकारी रामनिवास चौधरी राजस्थान बास्केटबॉल के पर्यवेक्षक क्षेत्रप्रताप सिंह जालोर जिला ओलंपिक संघ के पर्यवेक्षक प्रकाश बिश्नोई व क्रीडा परिषद जालोर के प्रतिनिधि इमरान खान की देख रेख में जालोर जिला बास्केटबॉल संघ के चुनाव संपन्न हुए। चुनाव अधिकारी रामनिवास चौधरी ने बताया कि जालोर जिला बास्केटबॉल संघ के चुनाव के लिए सभी पदों पर एकल प्रक्रिया में नामांकन फॉर्म प्राप्त हुए जाँच उपरांत सभी फॉर्म वैध पाए जाने से चुनाव निर्विरोध सम्पन्न हुए जिसने संरक्षक पद पर लालसिंह साँखला अध्यक्ष पद पर मुकेश राजपुरोहित वरिष्ठ उपाध्यक्ष के पद पर देवाराम साँखला उपाध्यक्ष के पदों पर फुलचंद, सैय्यद मोहसीन अली हीराराम देवासी व कृष्णकांत जेथलिया सचिव के लिए मूनसिंह राठौड सयुंक्त सचिव पर नरेश कुमार लुहार जोगेश कुमार व भागीरथ गर्ग कोषाध्यक्ष के लिए जीतेन्द्र सिंह सांखला कार्यकारिणी सदस्य पर हिम्मसिंह सोलंकी नेनमल कल्याणसिंह शिव दयाल मीणा बनवरीलाल शर्मा दिनेश कुमार परमार हेमंत सांखला व नाथुराम सोलंकी को निर्विरोध निर्वाचित किया गया।